# कार्यालय, नगर पंचायत, शिवहर

दिनांक :- 03.07.2020 को T.V.C बैठक की कार्यवाही

परियोजना पदाधिकारी सह अपर निदेशक नगर विकास एवं आवास विभाग बिहार पटना के पत्रांक–04/NULM– 60/2016 1132 न०वि० एवं आ० वि० पटना दिनांक 11/06/2020 के आलोक में आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार के DAY NULM योजना के अन्तर्गत PM Street Vendors Atma Nirbhar Nidhi (PM Seva Nidhi) से संबंधित प्राप्त मार्ग दर्शिका के अनुपालन कराने के संदर्भ मे कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा सदन मे जानकारी दी गयी। जिसके अन्तर्गत नगर फुटपाथ विक्रेता समिति द्वारा निम्नलिखित कार्य कराने का अनुरोध भी किया गया।

1. **कोरोना महामारी से बचाव :–** बैठक मे उपस्थित सिविल सर्जन महोदय ने बैठक मे उपस्थित सभी सदस्यों को कोरोना महामारी के लक्षण एवं उससे होने वाले विनाश एवं नुकसान के बारे मे विस्तार पूर्वक बताया एवं उससे बचाव के बारे मे भी बताया खासकर फुटपाथ विक्रेताओं को सख्ती से पालन करने का अनुरोध किया जैसे– मास्क लगाना अनिवार्य है, जब भी किसी ग्राहक के संर्पक में आए उसके बाद हाथ को सैनिटाइज करें घर जाने के पश्चात साबुन से अच्छी तरह हाथ धोए। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा नगर निकाय कर्मियों का मासिक स्वास्थ्य जाँच कराने का प्रस्ताव रखा गया जिसे सिविल सर्जन द्वारा स्वीकार का लिया गया।

2. **ट्रैफिक समस्या :–** कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा ट्रैफिक जाम की समस्या को उठाते हुए सभी फुटपाथ विक्रेताओं को निर्देश दिया गया कि ठेला चालक घुमाकर जगह– जगह जाए एवं अपने आजीविका को चलाए जब तक वेंडिग जोन का निर्माण नही किया जाता है, तब तक फुटपाथ विक्रेता अस्थायी तौर पर वहाँ ठेला लगाए जहाँ से ट्रैफिक जाम की समस्या न हो, वेंडिग जोन चिन्हित कर लिया गया है इस पर कार्य अग्रसर है भविष्य मे शीघ्र ही वेंडिग जोन का निर्माण करा दिया जाएगा।

3. **वेंडिग जोन :–** वेंडिग जोन के बारे में विस्तृत रुप से चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया कि जो दो चिन्हित स्थल है वहाँ पर नगर स्थानीय फुटपाथ विक्रेताओं को शिफ्ट कर दिया जाएगा। वेंडिग जोन का नक्शा बनाकर प्रस्ताव के साथ शीघ्र ही विभाग को भेज दिया जाऐगा तथा राशि आवंटित होते ही शीघ्र वेंडिग जोन का निर्माण कार्य शुरु कर दिया जाएगा।

4. **नये सर्वेक्षित फुटपाथ विक्रेताओं की सूंची का अनुमोदन :–** विभागीय निर्देशानुसार 31 मई को सेवा समाप्त किये गये नगर मिशन प्रबंधक के माध्यम से, CO एवं CRPs के द्वारा नये फुटपाथ विक्रेताओं का सर्वेक्षण करा कर उनकी सूची को TVC के द्वारा अनुमोदित कराकर उनका I Card एवं प्रमाण पत्र मुद्रित कराकर वितरित किया जाए CRPs के माध्यम से सर्वेक्षण का कार्य कराया गया जिसमे 115 नये फुटपाथी दुकानदारों का सर्वेक्षण किया गया कार्यवाही नगर मिशन प्रबंधक के द्वारा उसका अनुश्रवन किया गया जिसमें 32 फुटपाथी दुकानदार जो पूर्व मे ही सर्वेक्षित थे उनको सूची से निकालतें हुए 83 नये सर्वेक्षित फुटपाथी दुकानदारों की सूची बनाकर TVC के समक्ष अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया गया उक्त सूची को TVC के द्वारा अनुमोदित कर दिया गया।

5. **I Card एवं प्रमाण पत्र :–**कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा सामुदायिक संगठक C.O को I Card एवं प्रमाण पत्र बनवाने का दायित्व सौंपा गया एवं निर्देश दिया गया की विभागीय दर 28.35 रु० के दर से I Card का मुद्रण कराया जाए जबकि बाजार मे कोई भी मुद्रक इस दर पर I Card बनाने को राजी नही हुआ तब कार्यपालक पदाधिकारी के निर्देशानुसार जिला कार्यालय द्वारा किए गए मुद्रण रेट के दर से मुद्रण का कार्य कराया जाए।

अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की जाती है।

30/07/20

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, शिवहर।

30.07.2020 30.7.20

ज्ञापांक 495 /न०पं०, शिवहर, दिनांक 30.07.20

प्रतिलिपिः– परियोजना पदाधिकारी –सह– अपर निदेशक, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना को सादार सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

30/07/2020

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, शिवहर।

30.7.2020 30.7.20

Page No 1

आज दिनांक 03-07-2020 को अपराह्न 2 बजे नगर पंचायत शिवहर के कार्यालय प्रकोष्ठ में कार्यपालक पदाधिकारी की अध्यक्षता में TVC (Town vending committe) की बैठक आयोजित की गई, जिसकी उपस्थिति निम्नवत रही -

1. कार्यपालक पदाधिकारी — नगर पंचायत, शिवहर — 03/07/2020

2. सिविल सर्जन, शिवहर सदर अस्पताल

3. कनीय अभियंता नगर पंचायत शिवहर } — 3.7.2020 क० अभि०

4. फुटपाथ विक्रेता समिति सदस्य - राम प्रसाद साह — रामप्रसाद साह

राधिका देवी — LTI Radhikadevi

सोनाकरी देवी — LTI Sonakhari Devi

हाजरा खातुन — LTI Hazara Khatun

सामाजिक दूरी बनाते हुए बैठक का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया, सर्वप्रथम आपसी परिचय किया गया, उसके बाद बैठक का एजेंडा तय किया गया बैठक का एजेंडा निम्नवत तय किया गया - 1. कोरोना महामारी से बचाव
2. ट्रैफिक समस्या
3. वेंडिंग जोन

4. वेंडिंग जोन का मैपिंग
5. नये सर्वेक्षित फुटपाथ विक्रेताओं की सूची का अनुमोदन
6. I card एवं प्रमाण पत्र

1. कोरोना महामारी से बचाव → बैठक में उपस्थित सिविल सर्जन महोदय ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को कोरोना महामारी के लक्षण एवं उससे होने वाले विनाश एवं नुकसान के बारे में विस्तार पूर्वक बताया एवं उससे बचाव के बारे में भी बताया खासकर फुटपाथ विक्रेताओं को सख्ती से पालन करने का अनुरोध किया जैसे - मास्क लगाना अनिवार्य है, जब भी किसी ग्राहक के संपर्क में आए उसके बाद हाथ को सैनिटाइज करें घर जाने के पश्चात साबुन से अच्छी तरह हाथ धोएं कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा नगर निकाय कर्मियों को मासिक स्वास्थ्य जांच का प्रस्ताव रखा गया जिसको सिविल सर्जन द्वारा स्वीकार कर लिया गया।

2. ट्रैफिक समस्या - कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा ट्रैफिक जाम की समस्या को उठाते हुए सभी फुटपाथ विक्रेताओं को निर्देश दिया गया की ठेला चालक घुमाकर जगह-जगह जाए एवं अपने आजीविका को चलाएं जब तक वेंडिंग जोन का निर्माण नहीं किया जाता है तब तक फुटपाथ विक्रेता अस्थायी तौर पर वहां ठेला लगाए जहां से ट्रैफिक जाम की समस्या न हो, वेंडिंग जोन चिन्हित कर लिया गया है इसपर कार्य अग्रसर है भविष्य में शीघ्र ही वेंडिंग जोन का निर्माण करा लिया जाएगा। सभी फुटपाथी विक्रेताओं को यथाशीघ्र I card एवं प्रमाण पत्र वितरित कर दिया जाएगा।

3. वेंडिंग जोन – वेंडिंग जोन के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया कि जो दो चिन्हित स्थल है वहाँ पर निकट स्थानिय फुटपाथ विक्रेताओं को शिफ्ट कर दिया जाएगा। वेंडिंग जोन का नक्शा बनाकर प्रस्ताव के साथ शिघ्र ही विभाग को भेज दिया जाएगा। तथा राशि आवंटित होते ही शिघ्रातिशिघ्र वेंडिंग जोन का निर्माण कार्य शुरु कर दिया जाएगा।

4. वेंडिंग जोन का मैपिंग – कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा नगर निकाय कनीय अभियंता को निर्देश दिया गया कि चिन्हित वेंडिंग जोन के अलावा अन्यत्र कहीं भी वेंडिंग जोन लायक स्थल की तलाश करें, और विभागिय दिशा निर्देश के अनुसार कहाँ किस सड़क की चौड़ाई है उसको मापते हुए अन्यत्र भी वेंडिंग जोन की तलाश करें एवं उसका मैपिंग करते हुए निकाय को सूचित करें।

5. नये सर्वेक्षित फुटपाथ विक्रेताओं की सूची का अनुमोदन → विभागिय निर्देशानुसार 31 मई को सेवा समाप्त किये गये नगर मिशन प्रबंधक के माध्यम से CRPs एवं CO के द्वारा नये फुटपाथ विक्रेताओं का सर्वेक्षण कराकर उनकी सूची को TVC के द्वारा अनुमोदित कराकर इनका I card एवं प्रमाण पत्र मुद्रित करकर वितरित किया जाए CRPs के माध्यम से सर्वेक्षण का कार्य कराया गया जिसमें 115 नये फुटपाथी दुकानदारों का सर्वेक्षण किया गया कार्यकारी नगर मिशन प्रबंधक के द्वारा इसका अवलोकन किया गया जिसमें 32 फुटपाथी दुकानदार जो कि पूर्व में ही सर्वेक्षित थे उनको सूची से निकालते हुए 83 नये सर्वेक्षित फुटपाथी दुकानदारों की सूची बनाकर TVC के समक्ष अनुमोदन के लिए प्रस्तुत है। उक्त सूची को TVC के द्वारा अनुमोदित कर दिया गया।

6. I card एवं प्रमाण पत्र — कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा सामुदायिक संगठक C.O. को I card एवं प्रमाण पत्र बनवाने का दायित्व सौंपा गया एवं निर्देश दिया गया की विभागीय दर- 28.35 रु० की दर से I card का मुद्रण कराया जाए जबकी बाजार में कोई भी मुद्रक इस दर पर I card बनाने को राजी नहीं हुआ तब कार्यपालक पदाधिकारी के निर्देशानुसार जिला कार्यालय द्वारा किए गए मुद्रण रेट के दर से मुद्रण का कार्य कराया जाए।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त कर दी गई।

Ramu 3.7.2020

03/07/2020

Ramu 3.7.2020

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत शिवहर